लेवलर मशीन की चपेट में आए युवक की मौत

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर में रामजानकी मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य में लगी लेवलर मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति का सोमवार की सुबह करीब 10 बजे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक छांगुर सोनकर (45) पुत्र स्व. हरिलाल उपनगर गोला के खटिकना मोहल्ला का निवासी था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार देर शाम शव घर पहुंचा तो आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने गोला उपनगर के चंद चौराहे पर शव रखकर शाम साढ़े सात बजे से सड़क जाम कर दिया। इससे गोला-उरुवा, गोला-बड़हलगंज और गोला-कौड़ीराम मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले जाम के चलते सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना पाते ही कोतवाल गोला सी पी पांडेय मय हमराही मौके पर पहुंचे। परिजनों से बात कर जाम खुलवाने का भरपूर प्रयास किए। लेकिन सड़क जाम। करने वालों का मांग था कि एस डी एम गोला को बुलाया जाय। सूचना पाते ही एस डी एम गोला मनीष कुमार सीओ दरवेश कु. नायब तहसीलदार जय प्रकाश मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मन पत्र सौंपा। एस डी एम गोला के आश्वासन पर डेढ़ घंटे बाद परिजन सड़क से शव उठाकर दाह संस्कार के लिए अपने घर गए। प्राप्त विवरण के अनुसार बीते गुरुवार देर रात फल मंडी के पास निर्माण कार्य के रामजानकी मार्ग स्थित चंद चौराहे से दौरान भारद्वाज यूनिबिल्ड कंपनी की



करीब 100 मीटर उरुवा रोड की तरफ कैटरपिलर लेवलर मशीन की चपेट में

◆डेढ़ घंटे तक चंद चौराहे पर शव रख कर किया जाम◆मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान तोड़ा दम◆पत्नी को नौकरी और सरकारी सहायता दिलाने का एसडीएम ने दिया आश्वासन

आने से छांगुर सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह अपने एक मित्र के साथ टहल रहे थे। हादसे के बाद उन्हें गोला के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से बड़हलगंज और फिर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया था। सोमवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव चौराहे पर रखकर जाम लगाए जाने की सूचना पर थाना प्रभारी सीपी पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, परिजन निर्माण कार्य करा रही कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने और तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों ने सरकार से मिलने वाली सहायता राशि के साथ मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। बाद में एसडीएम गोला मनीष कुमार और क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम मनीष कुमार ने मृतक की पत्नी को नगर पंचायत में नौकरी दिलाने और शासन से मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद रात करीब नौ बजे परिजनों ने जाम समाप्त करते हुए शव को अंतिम संस्कार के लिए चौराहे से हटा लिया। परिजन के द्वारा दाह-संस्कार मंगलवार को सुबह करने की बात कही गयी।

एसडीएम को सौंपा मांगपत्र, 50 लाख मुआवजे की मांग परिजनों ने एसडीएम को लिखित मांगपत्र सौंपकर निर्माण कार्य करा रही कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और पत्नी को नगर पंचायत में स्थायी नौकरी दिलाने की मांग की। इस दौरान बसपा की महिला नेत्री एवं प्रभारी प्रत्याशी अस्मिता चंद भी मौजूद रहीं। मौके पर गोला, उरुवा और बड़हलगंज थाने की पुलिस फोर्स तैनात रही। **अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज** वहीं, मृतक के भाई की तहरीर पर सोमवार को गोला पुलिस ने लेवलर मशीन के अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शराब पीकर मारपीट और हुड़दंग करने वाले 22 लोग गिरफ्तार

गोलाबाजार(गोरखपुर)। दीपावली के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने और



माहौल खराब करने वालों के खिलाफ गोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बे से 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग शराब के नशे में मारपीट करने और पटाखे जलाने को लेकर विवाद कर रहे थे। थाना प्रभारी सीपी पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शांति व्यवस्था भंग करने और मारपीट करने के आरोप में कुल 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें ग्राम बारानगर से सात, चौकड़ी से चार, नरायनपुर खुर्द से तीन, कस्बा वार्ड नंबर एक से तीन, वार्ड नंबर 11 से चार तथा दूरूई गांव से एक व्यक्ति शामिल है।

थाना प्रभारी ने बताया कि सभी गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्हें मंगलवार की देर शाम को एसडीएम गोला के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुड़दंग और विवाद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभी जारी रहेगी। वहीं उत्पात करने वाले अन्य लोगों की भी पुलिस तलाश कर रही है।

स्व. हरिवंश सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

बड़हलगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के मकरंदपुर गांव में रविवार को स्वर्गीय हरिवंश सिंह स्मृति कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। नौ से 13 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में चिल्हूपार विधानसभा क्षेत्र के 16 गांवों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के प्रथम मैच में मुख्य अतिथि के रूप में चिल्हूपार विधानसभा क्षेत्र से बसपा की प्रभारी अस्मिता चंद उपस्थित रहीं।

उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना और अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। खेल में हार और जीत दोनों का महत्व है। विजेता टीम अपनी मेहनत और प्रदर्शन से सफलता हासिल करती है, जबकि पराजित टीम को अपनी कमियों में सुधार कर आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, दूसरे मैच में जलालपुर के जिला पंचायत सदस्य नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आयोजक जितेंद्र सिंह ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल तीन



◆16 टीमें दिखाएंगी दमखम, पहले दिन कुशभौना, धौबौली और भलुआन की टीमों ने दर्ज की जीत ◆13 नवंबर को होगा प्रतियोगिता का समापन

मुकाबले खेले गए। जिसमें कुशभौना, धौबौली और भलुआन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का समापन 13 नवंबर को होगा।

सोनौली कोतवाली के सामने खड़े ट्रक में लगी आग

सोनौली (महराजगंज)। (आज) भारत-नेपाल सीमा के सोनौली कस्बे में दीपावली की देर शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

सोनौली कोतवाली के सामने स्थित निर्माणाधीन पार्किंग स्थल में खड़े एक मालवाहक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और ट्रक का कैबिन पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, बिहार निवासी ट्रक चालक शंकर यादव ने दीपावली के अवसर पर अपने वाहन पर दीपक



जलाया था। आशंका जताई जा रही है कि दीपक से निकली चिंगारी ट्रक में आग लगने की वजह बनी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की

◆कैबिन जलकर राख, भारत-नेपाल की दमकल टीमों ने पाया काबू

आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सोनौली कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई। थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और नौतनवा दमकल विभाग के साथ नेपाल की दमकल टीम को भी सूचना दी। इसके बाद भारत और नेपाल की दमकल टीमों ने संयुक्त मोर्चा संभालते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले ही ट्रक का कैबिन पूरी तरह जल चुका था। गनीमत रही कि आग की लपटें आसपास खड़े अन्य वाहनों तक नहीं पहुंचीं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में ट्रक का कैबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

दीपावली पर पटाखा छोड़ने को लेकर विवाद, दो युवकों को पीटकर किया घायल

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम चौकड़ी में दीपावली की रात पटाखा छोड़ने को लेकर विवाद हो गया। घर के सामने पटाखा छोड़ते हुए गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक पक्ष के लोगों ने दो युवकों की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और घूंसे से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 12 नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, चौकड़ी गांव निवासी अजय कुमार पुत्र वसंत, शुभम पुत्र राम शृंगार, शिवकुमार पुत्र घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितों

◆12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज◆गोला थाना क्षेत्र के चौकड़ी गांव में घर के सामने गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट का आरोप◆लाठी-डंडों से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

जीत प्रसाद और अमर सिंह पुत्र शिवकुमार का आरोप है कि 8 नवंबर की रात करीब नौ बजे गांव के कुछ लोग पटाखे छोड़ते हुए शिवकुमार के ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सभी लोग शराब के नशे में थे। इस दौरान अजय और शुभम को घूंसे, पंच, लाठी और डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में संजय, अजय, विजय, विनय पुत्र नर सिंह, आनंद पुत्र कर्म सिंह, अभिषेक पुत्र धर्म सिंह, जगत सिंह, सुनील, दीपक पुत्र रामप्रीत, कपिल देव पुत्र सीताराम, धनेश पुत्र रामसेवक और संदीप पुत्र रामप्रीत को नामजद किया गया है। थाना प्रभारी सीपी पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 191(2), 115 (2), 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

निकाली प्रभात फेरी, भाजपा नेता जितेन्द्र जायसवाल ने किया स्वागत

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) आगामी 24 नवंबर में पड़ने वाली



गुरुनानक जयंती के परिप्रेक्ष्य में आज नौतनवा के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मिटवा समाज द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह फेरी सिख समाज की परंपरा के अनुरूप गुरु नानक देव जी के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बनी। फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का जाप किया और क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया। प्रभात फेरी भाजपा नेता जितेन्द्र जायसवाल के कैंप कार्यालय पर पहुंची, जहां उन्होंने इसका स्वागत किया। स्वागत के बाद उन्होंने प्रसाद के रूप में फल वितरित किए और गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जितेन्द्र जायसवाल ने बताया कि पिछले पंद्रह वर्षों से सिख समाज द्वारा निकाली जा रही है।

इस दौरान मजीत सिंह, मन्नी सिंह, गुरु चरण सिंह,सन्नी सिंह, परमजीत सिंह, सोनू सिंह,कुलदीप सिंह,शत्रुघ्न जायसवाल, नागेंद्र यादव, अमन आनन्द, दीपक जायलसवाल,सरदार मंजीत सिंह, समेत बड़ी संख्या सिसमुदाय के लोग उपस्थित रहे।

रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया शहर व गांव, धूमधाम से मनायी गयी दीपावली

रुद्रपुर देवरिया(आज)/रविवार को लोग आतिशबाजी, मिठाई, फल,पूजा सामग्री की खरीददारी करते नजर आए। इससे बाजारों में गहमागहमी बनी रही। शाम होते ही हर गली, मोहल्ले, बाजार रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। दीपावली का पर्व धूमधाम पुरे तहसील क्षेत्र से मनाया गया। घरों व प्रतिष्ठानों पर सुख-समृद्धि के देवता गणेश जी व धन की देवी माता लक्ष्मी का शुभ मुहूर्त पर पूजन हुआ। दीपक जलाए गए और आतिशबाजी हुई। मिठाई और उपहार देकर लोगों ने एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी। बच्चों से लेकर बड़ों तक उत्साह देखा गया।महिलाएं और युवतियां रोशनी अनार चलाकर खुशी मनाती नजर आईं। बच्चों ने फुलझड़ी, फिरकी चलाकर आनंद लिया।



आधुनिक आतिशबाजी से सतरंगी नजारे दिवाली की खुशियों में चार चांद लगा रहे थे। पर्व मनाने के लिए लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी आकर्षक ढंग से सजा रखा था। रोशनियों से जगमगाते भवनों की भव्यता देखते ही बन रही थी। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई। पर्व को लेकर मेन जमुनी चौराहा, खजुआ, आदर्श, सेमरौना, बस्स्टेशन आदि चौराहों पर भारी भीड़ देखने को मिली। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया। घरों में बने रंगोली काफी मनमोहक लगे।

पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने पीटा, पांच पर केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड निवासी दीपू साहनी पुत्र सदानन्द साहनी हैदराबाद में रहकर मजदूरी करता है। 8 नवंबर को वह वापस आया। और लक्ष्मी की मूर्ति का पूजा अर्चना कर रात्रि में 12 बजे घर वापस आ रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने उसे घेर कर पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आदित्य साहनी, शोहरत साहनी,सुनील साहनी, संतोष साहनी, अशोक साहनी, विशाल साहनी के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

अनियंत्रित कार की टक्कर से ऑटो पलटा, वृद्ध की मौके पर मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। खलीला बाद से गोरखपुर के लिए निकले ऑटो में सवार यात्रियों का सफर महुआपार मोड़ के पास हादसे में बदल गया। लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क किनारे पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग की जान चली गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से भाग निकला।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऑटो में कई यात्री सवार थे और वह खलीला बाद से गोरखपुर की ओर जा रहा था। भीटी रावत से पहले महुआपार मोड़ के पास पहुंचते ही पीछे से तेज गति में आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे से ऑटो चालक संभल नहीं पाया और वाहन सड़क किनारे पलट गया। ऑटो के पलटते ही उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची सहजनवां पुलिस सभी को सीएचसी लेकर पहुंची। अस्पताल में चिकित्सकों ने चकिया निवासी हरिश्चंद्र (60) पुत्र रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल सूरज (28) पुत्र कैलाश निवासी सूबा बाजार, खोराबार और राजू पांडेय (30) निवासी बहरामपुर, तिवारीपुर की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राधा पांडेय (32) पुत्री विश्वनाथ निवासी बहरामपुर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, तेनुआ निवासी अमित (27) पुत्र शिवसागर का सीएचसी में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार कार चालक और वाहन की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक हरिश्चंद्र की कोई संतान नहीं थी। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक का माहौल है।

छठ महापर्व के शुभकामना पोस्टर फाड़ने का आरोप, थाने में दी तहरीर

बड़हलगंज (गोरखपुर)। छठ महापर्व की शुभकामना के लिए लगाए गए पोस्टर को फाड़ने और उसके ऊपर दूसरा पोस्टर चिपकाने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में पूर्व चेयरमैन एवं समाजवादी व्यापार सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सूरज जा. ने बड़हलगंज थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, नौ नवंबर की रात उनके द्वारा लगवाए गए शुभकामना पोस्टर को कथित रूप से फाड़कर

◆राजनीतिक द्वेष के चलते पोस्टर हटाने और धमकी देने का आरोप

उसके ऊपर दूसरा पोस्टर चिपका दिया गया। पोस्टर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और सूरज जायसवाल के चित्र लगे थे। जा. ने इस घटना को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि महेश उमर और विपिन त्रिपाठी पुत्र राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सूरज जायसवाल का आरोप है कि इससे पहले भी उनके पोस्टर हटाने और फाड़ने की घटनाएं हो चुकी हैं। विरोध करने पर मारपीट और फौजदारी की धमकी दी जाती है। उन्होंने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने पुलिस से घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित कर जांच कराने, दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के पोस्टर हटाए जाने को लेकर प्रदर्शन हो चुका है, इसके बावजूद ऐसी घटनाएं थम नहीं रही हैं।

मनबढ़ों ने बाइक चालक को पीटा

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा सेक्टर 22 में मंगलवार को जुगाड़ ठेले चालक ने खड़ी बाइक में टक्कर मार दी। जिसको लेकर दोनों में तू-तू, मैं-मैं होने के दौरान जुगाड़ ठेला चालक ने अपने परिजनों को फोन कर बुला लिया। इसके बाद करीब आधा दर्जन की संख्या में आए परिजनों ने बाइक चालक को ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक चालक को सीएचसी सहजनवां भेजा, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गीडा गेट के पास चाय की



दुकान के सामने डीहवा बोकटा निवासी कृष्णा साहनी पुत्र सीताराम साहनी (36 वर्ष) दिन में 11:30 बजे अपनी बाइक खड़ी कर चाय पी रहे थे। उसी दौरान जुगाड़ ठेला चालक भगवानदास निवासी कालेसर सरिया लादकर आया और बाइक में टक्कर मार दिया। इसके बाद ठेला चालक और बाइक चालक में तू-तू, मैं-मैं होने लगी। आसपास के लोगों ने ठेला चालक से 200 रुपया दिलवाकर मामला शांत करा दिया। इसी बीच ठेला चालक ने फोन कर अपने परिजनों को बुला दिया और बाइक चालक पर ईंट से हमला बोल दिया। बाइक चालक की हालत गंभीर होने पर सभी मनबढ़ फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी सहजनवां भेजा, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित की बहन साधना की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

दीपावली के पर्व पर उपद्रव और मारपीट करने वाले 29 लोग किए गए गिरफ्तार

गोलाबाजार (गोरखपुर)। दीपावली के दिन रविवार को गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शराब पीकर उत्पात मचाने, पटाखे बजाने को लेकर विवाद और मारपीट कर माहौल खराब करने वाले 29 लोगों के खिलाफ गोला पुलिस ने कार्रवाई किया है। पुलिस ने सभी आरोपितों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर शांति भंग की सुसंगत धारा में चालान कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला थाना के कोतवाल सीपी पांडेय ने बताया कि रविवार को दीपावली पर्व के अवसर पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में कुछ लोगों द्वारा शराब के नशे में हंगामा करने, पटाखे बजाने को लेकर विवाद करने और मारपीट कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की शिकायतें मिली थीं। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसे 29 लोगों को गिरफ्तार किया। सोमवार देर शाम सभी के विरुद्ध शांति



भंग के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों को एसडीएम गोला के न्यायालय में पेश

◆गिरफ्तार लोगों का शांति भंग में हुआ चालान ◆पटाखे बजाने और शराब पीने को लेकर विभिन्न गांवों में हुआ था विवाद

किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और अराजकता फैलाने वालों पर अंकुश लगाना है।

पांच नामजद और अज्ञात पर गैरइरतन हत्या, बलवा, मारपीट का केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के सेहुडा निवासी ओक सक्ष के घर के सामने पटाखा फोड़ने से मना करने पर मनबढ़ों ने उसे लाठी डंडा, ईट पत्थर से मारपीट कर भीड़ रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के सेहुडा निवासि राकेश मणि त्रिपाठी पुत्र स्व रघुवंश मणि त्रिपाठी 8 नवंबर को आरोपी घर के सामने पटाखा फोड़ रहे थे। जिसको लेकर पीड़ित के भाई दिनेश मणि त्रिपाठी ने मना किया तो आरोपी उग्र हो गए जिसे देखते हुए पीड़ित पक्ष घर के अंदर चला गया। इसके बाद लाठी डंडा ईट पत्थर लेकर पीड़ित के घर पर चढ़ आए और गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए भाई दिनेश मणि त्रिपाठी, पर ईट, पत्थर, लाठी, डंडे रॉड से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए। जिससे वह बेहोश हो गये।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र साहनी, सुजीत साहनी, जासमती, आसमती, तान और अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

हर्षोल्लास से मनाया गया गोवर्धन पूजा का पर्व

बडहलगंज (गोरखपुर)। भगवान विष्णु की प्रसन्नता के निमित्त गोवर्धन पूजा (अन्नकूट महोत्सव पर्व) को हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को मनाया गया। कार्तिक शुक्ल पक्ष के द्वितीया को गोवर्धन पूजा पर्व पर बहनों ने गोवर्धन की पूजा कर अपने भाइयों के दीर्घायु होने की कामना किया। बता दें कि बड़हलगंज नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों में गांव की युवतियों ने गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन का चित्र बनाकर मंगल गीत गाते हुए पहले अपने भाइयों को श्राप दिया तत्पश्चात उनके जीवन की मंगल कामना की। मान्यता है कि द्वापर युग में ब्रज में अन्नकूट के दिन भगवान इन्द्र की पूजा होती थी, परन्तु श्रीकृष्ण ने लोगों से गोवर्धन की पूजा करने की सलाह दी लोगों ने उनकी बात मान भगवान गोवर्धन की पूजा शुरु कर दी। जिससे क्रुद्ध होकर इन्द्र ने मुसलाधार बारिश शुरु कर दी। यह लीला देख भगवान कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर सभी ब्रजवासियों एवं जीव जंतुओं की रक्षा की तभी से भगवान गोवर्धन की पूजा की शुरुआत हुई। गोवर्धन पूजा)पर गौ माता को अर्पित गाय के गोबर से गोवर्धन बनाया जाता है। कस्बे के लेटा घाट, महदेवा मुहल्ला, घासमंडी, खटीक टोला, तिवारीपुर, जाइपार,दुबौली, डेरवा, टाडा, कोल्हुआ सहित अन्य गांवों में हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पुजा पर्व मनाया गया।

युवक को मनबढ़ों ने पीटा, केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के कुल्हुई निवासी शोभा यादव पत्नी राम नगीना यादव 8 नवंबरवको रात्रि में काली मंदिर के पास बेटे का मोबाइल चोरी हो गया था। 9 नवंबर को बेटे ने गांवों के कुछ लोगों से मोबाइल चोरी कर लेने के संबंध में बात किया। तो आरोपी उससे कहे कि नदी के किनारे चलो वहां मोबाइल दे दिया जायेगा। झांसा देकर आरोपी उसे नदी के किनारे ले जा कर गाली गलौज करते हुए लात,मुक्कों और बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी शुवम यादव, प्रद्युम्न और इसका छोटा भाई नाम अज्ञात के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

नरहरपुर गांव में निकला 10 फीट लंबा अजगर, मचा हड़कंप

बड़हलगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के नरहरपुर गांव में मंगलवार दोपहर अनिल तिवारी के मकान के सामने करीब 10 फीट लंबा विशालकाय अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अजगर धूप सेक रहा था। उसे देखते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए अजगर को घेर लिया और उसे बोरे में सुरक्षित पकड़ने का प्रयास किया। इसके साथ ही वन विभाग को सूचना दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पहले भी कई बार अजगर निकल चुके हैं। आसपास चार से पांच अजगर सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगरों को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने राज पुत्र अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 7 नवंबर को हमारी लड़की को राज पुत्र अज्ञात ने भगा ले गया। हम लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता सुराग नहीं लगा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।